प्रकाशनार्थ।

26 जनवरी, 2024 गोरखपुर।

गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक, गोरखनाथ 75 वॉ गणतंत्र दिवस एवं वंसत पंचमी को बडे ही धूम-धाम से मनाने के साथ एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर झण्डा रोहण के बाद निदेशक डॉ. डी0 सी0 ठाकुर ने रक्तदाताओं को शुभकामनाए दीं। और उन्हांेने बताया कि वे अनेकोबार रक्तदान कर चुके है।

इसी क्रम में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस पर बलिदानियो को याद करते हुए ''बलिदानों का सपना जब सच हुआ, देश तभी आजाद हुआ, आज सलाम करें उन वीरों को, जिनकी शहादत से भारत गणतंत्र हुआ''। आज ही के दिन भारत का संविधान भी लागू हुआ था। ब्लड बैंक महत्वपूर्ण तिथियों पर रक्तदान शिविर का आयोजन करता रहता हैं। इसी क्रम में आज का रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

चिकित्सालय के अपर निदेशक डॉ0 कामेश्वर सिंह जी ने कहा कि आज हम अपने देश का 75वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। इसी दिन सन् 1950 को भारत का संविधान लागू किया गया था। हम हर वर्ष अपना गणतंत्र दिवस बड़े ही धूम धाम से मनाते हैं।

प्रमुख रूप से अनिल सिंह,जसवीर सिंह,आनन्द राय,दीपक महेश फोगाट,रणधीर कुमार सचदेवा,तेज सिंह सहित लगभग 18 लागों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर चिकित्सालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं ब्लड बैंक के टेक्नीशियन सहित भारी संख्या में लोंग उपस्थित रहे।